तरक्की | राज्य में कुल पंजीकृत 1,94,852 कंपनियों में 1,40,849 हैं सक्रिय, देश में महाराष्ट्र पहले स्थान पर

यूपी नई कंपनियां खुलने में दूसरे नंबर पर

■ अजित खरे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जून महीने में महाराष्ट्र के बाद सबसे ज्यादा नई कंपनियां खोली गई हैं। नई पंजीकृत कंपनी के मामले में महाराष्ट्र 16 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ नंबर एक पर है। केवल इस साल जून में महाराष्ट्र में 2,531 नई कंपनियां खुल गईं जबकि यूपी में इसी अवधि में 1,753 कंपनियां खोली गईं।

यूपी देश में नई कंपनियां खोलने के मामले में नंबर दो पर है। यूपी की हिस्सेदारी देश में 11 प्रतिशत है और दिल्ली 9 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर है। दिल्ली में 1,435 नई कंपनियां खुली हैं।

जून 2024 तक पंजीकृत व सक्रिय कंपनियां

राज्य	पंजीकृत	सक्रिय
महाराष्ट्र	5,22,645	3,32,119
दिल्ली	4,14,588	2,43,507
पश्चिम बंगाल	2,40,366	1,42,849
उत्तर प्रदेश	1,94,852	1,40,849
कर्नाटक	1,82,738	1,20,466
गुजरात	1,45,438	95,945
बिहार	60,732	42,769
मध्य प्रदेश	62,086	41,610
पंजाब	43,434	25,646
झारखंड	23,876	17,364
उत्तराखंड	15,746	11,761

कारपोरेट मंत्रालय की नवीनतम रिपोर्ट में यह तथ्य उजागर हुए हैं। यही नहीं सक्रिय कंपनियों की संख्या के मामले में यूपी चौथे स्थान पर है। तीसरा स्थान पश्चिम बंगाल का है। एक व्यक्ति द्वारा संचालित कंपनी के भी आंकड़े आए हैं। 30 जून 2024 तक देश में कुल 58,399 एक व्यक्ति द्वारा संचालित कंपनियां सक्रिय हैं। इनमें 776.18 करोड़ रुपये की पूंजी लगी है। यह कंपनियां बिजनेस सर्विस में सक्रिय हैं। वैसे देश में कुल 27,10,495 कंपनियां हैं। इनमें 9,39,891 कंपनियां घाटे व विवादों में बंद हो गईं। 25,255 कंपनियां हड़ताल व तालाबंदी से गुजर रही हैं। केवल 17,32,438 कंपनियां सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। इनमें 2,374 कंपनियां सरकारी व 17,30,064 निजी कंपनियां हैं।